**धर्मसभा** | दुनिया की शरण में नहीं, धर्म की शरण में मिलता है सच्चा सुख- आचार्य समय सागर

# कर्मों का आश्रव निरंतर होता रहता है



**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।** गोटेगांव की पुण्यधरा पर ससंघ विराजमान वर्तमान संघनायक परम पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को वास्तविक शरण संसार में नहीं, बल्कि धर्म में ही प्राप्त होती है। आगम और गुरुओं का स्पष्ट संदेश है कि इस संसार में यदि कोई सारभूत और शाश्वत तत्व है, तो वह परमार्थ क्षेत्र में स्थित आत्मतत्व है। आत्मा ही अनंत है और वही ज्ञान के माध्यम से अपने स्वरूप की पहचान कर सकती है।

आचार्य श्री ने कहा कि कर्मों का आश्रव निरंतर होता रहता है और उसे रोकने के लिए परमार्थ की आवश्यकता होती है। बाह्य वस्तुएं और पदार्थ नश्वर हैं, उनमें कहीं भी शरण नहीं है। पंच परमेष्ठी की शरण में जाकर ही सम्यक दर्शन की प्राप्ति संभव है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मनुष्य को दुनिया की शरण छोड़कर धर्म की शरण में जाना होगा। उन्होंने कहा कि अक्षय और अनंत सुख केवल केवलज्ञान की प्राप्ति से ही संभव है। इसके लिए स्वाध्याय अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्वाध्याय से विवेक जागृत होता है।

### धर्म वही है जो व्यक्ति को उत्तम सुख, अर्थात मोक्ष सुख की ओर ले जाए

विवेक के माध्यम से ही केवलज्ञान की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। मनुष्य को जन्म, जरा और मृत्यु के चक्र से ऊपर उठने का प्रयास करना चाहिए, जो केवल धर्म की शरण में आने से ही संभव है। धर्म की शरण लेने से राग, द्वेष और इच्छाओं का परित्याग होता है तथा संकटों से मुक्ति मिलती है। आचार्य श्री ने धर्म के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा कि धर्म वही है जो व्यक्ति को उत्तम सुख, अर्थात मोक्ष सुख की ओर ले जाए। सांसारिक सुख की लालसा रखने वाला व्यक्ति कभी भी मोक्ष सुख को प्राप्त नहीं कर सकता। उन्होंने एक दृष्टांत के माध्यम से समझाया कि भोजन से सुख नहीं मिलता, वह केवल भूख रूपी पीड़ा का प्रतिकार मात्र है। वास्तविक अक्षय और अनंत सुख तो मोक्ष सुख ही है, जो दृढ़ आस्था पर आधारित होता है। उन्होंने कहा कि मोक्ष मार्ग पर चलने वाले श्रावक को आस्थाजन्य सुख प्राप्त होता है। पांच इंद्रियों से ज्ञात सभी सुखों का त्याग कर देता है, परिग्रह का परित्याग कर देता है और विधिपूर्वक प्राप्त आहार में ही संतोष रखता है। आदिनाथ भगवान के प्रसंग का उल्लेख करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि उन्होंने कभी आहार की याचना का उपदेश नहीं दिया।

### धर्मविरुद्ध आचरण से बचना चाहिए

यह सिखाया कि विधि से प्राप्त हो तो ही आहार ग्रहण किया जाए। तीव्र कर्मों के उदय पर केवल पंच परमेष्ठी की शरण ही सहायक होती है,इस विषय पर आचार्य श्री ने एक मार्मिक दृष्टांत सुनाते हुए बताया कि संसार में कोई भी सगा-संबंधी उस समय काम नहीं आता, केवल प्रभु की शरण ही रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को नियमविरुद्ध और धर्मविरुद्ध आचरण से बचना चाहिए तथा दया और अहिंसा को जीवन का मूल आधार बनाना चाहिए। आचार्य श्री ने कहा कि शरीर नश्वर है, वह मिटने के लिए बना है, जबकि धर्म ही ऐसा तत्व है जो जीव के साथ जाता है। पंच परमेष्ठी की शरण में पतित जीवन भी पावन हो जाता है। संसार सागर से पार होने का एकमात्र साधन परमार्थ ज्ञान और सम्यक ज्ञान है। अंत में उन्होंने दृढ़ता से कहा कि धर्म ही एकमात्र आलंबन योग्य है, इसके अतिरिक्त कोई भी अन्य आलंबन योग्य नहीं है।

## तस्करों पर पुलिस का शिकंजा, ठेमी पुलिस की बड़ी कार्यवाही


**नवभारत,गोटेगांव।** नववर्ष 2026 के आगमन को देखते हुए नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष सुरक्षा अभियान ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत ठेमी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रभावी नाकाबंदी करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब और तस्करी में प्रयुक्त चार पहिया वाहन जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, थाना ठेमी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मानेगांव-मुंगली मार्ग पर अवैध शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने मार्ग पर नाकेबंदी की और एक ईको कार को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 30 पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई, जिसकी बाजार मूल्य करीब 2 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से आरोपी शुभम कुशवाह निवासी मानेगांव और पंकज कोरी निवासी ठेमी को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। इस पूरी कार्यवाही में तस्करी में उपयोग की जा रही 5 लाख रुपये कीमत की कार भी

## दिन भर चला धार्मिक आयोजनों का सिलसिला



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** एक जनवरी नव वर्ष की स्वागत बेला में नगर में विविध धार्मिक आयोजन संपन्न हुये। नगर की धर्म सेवा समीति द्वारा ध्वज यात्रा नगर के प्रतिष्ठित रामघाट स्थित गणेश मंदिर से रवाना होकर पंचमुखी हनुमान मंदिर में जाकर संपन्न ध्वज चढ़ाने के साथ संपन्न हुई।

नगर के ही श्री राम रसिया भक्त मंडल द्वारा विगत वर्षो से चली आ रही परम्परा को आगे बढ़ाते हुए नगर की सुख समृद्धि की कामना किसी भी प्रकार की कोई व्याधि बाधा ना आये को लेकर दादा दरबार श्री हनुमान मंदिर में सुबह से ही सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया रात्रि में हवन पूजन के साथ संगीतमय चालीसा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। वहीं नगर के सिद्ध हरसिद्धि मंदिर परिसर में नवोदित बाल कलाकारों द्वारा संगीतमय भजनों की जोरदार प्रस्तुति दी गई। तथा दिन भर खिचड़ी प्रसादी का वितरण चला। जिसमें बड़ी संख्या में आस्था बान श्रद्धालु जन उपस्थित रहे रात्रि में संगीतमय महाआरती का आयोजन किया गया। इसी परिसर में पंचमुखी हनुमान मंदिर में 51 सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया गया। दिन भर श्रद्धालु जन नगर के सभी धार्मिक स्थलों पर पहुंचे और दर्शन लाभ लेते हुए पूजन अर्चन किया। नूतन वर्ष अभिनंदन की स्वागत बेला में जहां एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला जारी रहा वहीं आनंद लुत्फ उठाने लोग धार्मिक स्थलों रमणीक स्थल तथा नर्मदा तटों पर पिकनिक पार्टी मनाने के लिए पहुंचे। पुण्य सलिला मां नर्मदा नदी में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्कूली छात्रों की छुट्टियां हो जाने के कारण छोटे छोटे बच्चों में घूमने का एक अच्छा मौका मिल गया है। पालक अपने अपने बच्चों को लेकर बाहर धार्मिक क्षेत्रों में गये हुये है। तहसील तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले पुण्य सलिला माँ नर्मदा की गोद में बसे ग्राम झिरी बारह घाट में एक जनवरी से तीन जनवरी के बीच 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत आज 1 जनवरी को दोपहर 1 बजे से विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा 2 और जनवरी को यज्ञ के माध्यम से विविध आयोजन होंगे संस्कारों की दीक्षा दिलाई जाएगी। वरिष्ठ परिजन वृन्दावन पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात काल से ही योग के माध्यम से जीवन-यापन के तौर-तरीकों यज्ञ अनुष्ठान में आहुतियों के महत्व दोपहर में प्रवचनों के माध्यम से जीवन को सात्विक बनाने विचारों के माध्यम से हम सुधरेंगे युग सुधरेगा की परिकल्पना को साकार करने अमृत ज्ञान विद्वान प्रज्ञा पंडितों द्वारा दिया जायेगा।



## रोमांचक मुकाबले में श्यामनगर ने जीता शंकराचार्य कप

**नवभारत,गोटेगांव।** धार्मिक स्थल झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम स्थित शिव पार्वती मंदिर मेला ग्राउंड पर आयोजित श्री शंकराचार्य कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के चतुर्थ सोपान का भव्य समापन हुआ। मंगलवार को खेले गए फाइनल महा मुकाबले में एमआरसीसी श्यामनगर और यंग स्टार श्रीनगर की टीमें आमने-सामने थीं। श्यामनगर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 139 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी श्रीनगर की टीम की शुरुआत खराब रही और वह केवल 109 रन ही बना सकी। इस तरह श्यामनगर ने 29 रनों से जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया।

## नर्मदा तट पर एकल अभियान का 5 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग




**नवभारत,गाडरवारा।** एकल अभियान अंचल नरसिंहपुर के तत्वावधान में आयोजित संच गाडरवारा एवं साईखेड़ा का पांच दिवसीय संयुक्त वार्षिक आचार्य अभ्यास वर्ग माँ नर्मदा के पावन तट करौंदी घाट स्थित मंगल भवन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस प्रशिक्षण वर्ग में आचार्यों को ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कार और सेवा के प्रकल्पों को सुचारू रूप से संचालित करने का गहन प्रशिक्षण दिया गया। संस्कारों से ही होगा राष्ट्र निर्माण खेमरिया समापन समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि साईखेड़ा संच अध्यक्ष राकेश खेमरिया एवं पूर्व संच प्रमुख नितिन तिवारी द्वारा माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ की गई। ध्येय वाक्य एवं एकल गीत के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए श्री खेमरिया ने कहा कि आचार्य अपने-अपने ग्राम में मेरा गांव-मेरा तीर्थ के भाव से कार्य करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान न देकर उन्हें खेल-खेल में संस्कारित शिक्षा दें और उनके सुख-दुख के साथी बनकर उनका संरक्षण करें। साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। पंचमुखी शिक्षा से होगा ग्राम विकास पूर्व संच प्रमुख नितिन तिवारी ने एकल अभियान की पंचमुखी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य, ग्राम विकास, जागरण और संस्कार शिक्षा के माध्यम से हम गांव का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। उन्होंने आचार्यों को प्रेरित किया कि वे नियमित रूप से विद्यालय संचालित कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

इन्होंने व्यक्त किया आभार अंचल प्रशिक्षक प्रमुख जगदीश द्वारा वर्ग का वृत्त (रिपोर्ट) प्रस्तुत किया गया एवं मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संच प्रमुख राकेश लोधी, धर्मेंद्र लोधी, संच व्यास महेश लोधी सहित गाडरवारा और साईखेड़ा संच के समस्त आचार्य एवं दीदियाँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गायन के साथ हुआ।

## प्राची तिवारी का राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ



**नवभारत,गोटेगांव।** श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव की होनहार छात्रा प्राची तिवारी पिता मनमोहन तिवारी ने खेल जगत में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्राची का चयन राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

वह आगामी राष्ट्रीय स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए गुजरात के सोमनाथ जाएंगी। अपनी इस सफलता से प्राची न केवल अपने विद्यालय बल्कि जिले और पूरे प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। छात्रा की इस प्रतिभा को निखारने में पी टी आई राहुल नामदेव और उमाकांत सिंह राजपूत का विशेष मार्गदर्शन व प्रशिक्षण रहा है। प्राची की इस गौरवशाली उपलब्धि पर बाल शिक्षा समिति के संरक्षक जालम सिंह पटेल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. गौतम भद्र, पूर्व सचिव सिंघई अनिल कुमार जैन, वर्तमान अध्यक्ष पंकज जैन, उपाध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत और अजीत खरया ने हर्ष व्यक्त किया है।

### एक नजर में

## रुक्मणी माधवानी का स्वर्गवास



**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक गुरुनानक वार्ड स्थित सिंधी कॉलोनी निवासी बसंत कुमार माधवानी की धर्मपी रुक्मणी माधवानीजी का लगभग 65 वर्ष की आयु में अचानक हृदयगति रुक जाने की वजह से आकस्मिक निधन हो गया है, अंतिम संस्कार शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने मुक्ति धाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनों ने श्रीमति माधवानी जी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जब यात्रियों के बीच गिरा कांच का टुकड़ा

**जबलपुर, नवभारत।** बुधवार सुबह उस समय मदन महल रेलवे स्टेशन पर अफरा तफ़री मच गई जब ट्रेन का इंतज़ार कर रहे सैकड़ो यात्रियों के बीच काँच का एक टुकड़ा आ गिरा। रेलवे की इस लापरवाही से कई यात्री बाल बाल बच गए। यह घटना मदनमहल प्लेटफार्म 1 की है जहा सुबह 10 बजे विंध्याचल एक्सप्रेस का इन्तजार कर रहे लोग स्टेशन पर थे ठीक उसी समय मजदूरों द्वारा सेंटिंग निकालते वक्त एक बड़ा काँच का टुकड़ा सीधा प्लेटफार्म पर गिर गया इस दौरान अनेक यात्रियों ने दौड़ कर अपनी सुरक्षा स्वयं करी। इसके पूर्व भी कई बार बिना सुरक्षा के ठेकेदार द्वारा कार्य किये जाने की शिकयत लोगो ने बताई है।

## नववर्ष के अवसर पर पुलिस ने आमजन को लौटाई खुशियाँ

**नवभारत,नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर पुलिस के अथक प्रयासों से गुम मोबाइल लौटे, धारकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान। जनसेवा को समर्पित नरसिंहपुर पुलिस ने एक बार पुनः यह सिद्ध किया है कि पुलिस की भूमिका केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन की समस्याओं का समाधान कर उनकी खुशियाँ लौटाना भी उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के कुशल नेतृत्व में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए मोबाइल फोनों को प्रदेश सहित अन्य प्रांतों से तकनीकी सहायता के माध्यम से बरामद किया गया एवं उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को विधिवत सुपुर्द किया गया, जिससे संबंधित नागरिकों के चेहरों पर प्रसन्नता एवं विश्वास की मुस्कान लौट आई। वर्ष 2026 के प्रथम दिन मोबाइल धारकों को लौटाए गए।




## संस्कार और संस्कृति का संगम एनएसएस शिविर में गूंजेंगे सामाजिक सरोकार के स्वर

**नवभारत,गोटेगांव।** ग्राम कुंडा छोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पंच अग्नि पीठाधीश्वर ब्रह्महर्षि आचार्य महामंडलेश्वर रामकृष्णानंद महाराज एवं ब्रह्मचारी अचलानंद के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर परमहंसी गंगा आश्रम के व्यवस्थापक सुंदर पांडे, आदि शंकराचार्य शिक्षा विकास समिति के कोषाध्यक्ष उमेश तिवारी और प्राचार्य डॉ. दिलीप पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ हुआ। अपने आशीर्वचन में महामंडलेश्वर जी ने महाविद्यालय के विकास और ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य जी के दिशा-निर्देशों का स्मरण किया। समिति के कोषाध्यक्ष उमेश तिवारी ने स्वयंसेवकों को अपनी दिनचर्या और जमीनी स्तर पर कार्य करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. दिलीप पाठक ने बताया कि यह शिविर छात्रों के कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता का एक सशक्त मंच है, जिसके माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या, नशा मुक्ति और जल संरक्षण जैसे विषयों पर नुक्कड़ नाटक व रैली आयोजित की जाएगी।

## जैविक प्राकृतिक उत्पादों के विक्रय के लिए साप्ताहिक हाट बाजार लगाया



**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में और सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में उप संचालक कृषि- पीडी आत्मा के प्रयास से जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती की पैदावार के उत्पादों को उचित मार्केट मिल सके, इसके लिए सप्ताहिक हॉट बाजार गुरूवार एक जनवरी को उद्यानिकी परिसर नरसिंहपुर में लगाया गया।

हाट बाजार में जैविक प्राकृतिक उत्पाद करने वाले कृषक एफपीओ, स्वसहायता समूह, उपभोक्ता, कृषि विभाग, आत्मा, उद्यानिकी सहित अन्य विभागों के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। उक्त बाजार प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को जिला मुख्यालय पर लगाया जाता है । उप संचालक कृषि मौरिस नाथ ने बताया कि जैविक/ प्राकृतिक हाट बाजार में जैविक गेंहू, चना दाल, अरहर दाल, उड़द दाल, मूंग दाल, जैविक चावल, जैविक गुड़, जैविक/ प्राकृतिक साब्जियां, ककड़ी, मटर, बरबटी, पालक, मैथी, लाल भाजी, लौकी, तुरई, वैगन, अदरक, टमाटर, आलू, शकरकंद आदि और जैविक फल पपीता, केला, आम, अमरूद, नीबू, चीकू, बिनोला घी आदि विक्रय के लिए प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही कृषि अवशेषों से निर्मित शुद्ध प्राकृतिक जैविक खाद, वर्मी कंपोस्ट खाद आदि की भी प्रदर्शनी लगाई गई। जिले के समस्त कृषकों, स्व-सहायता समूहो, एफपीओं को उचित दाम मिल सकें, इसके लिए यह नवाचार प्रयास किया जा रहा है। यहां लगाए गए हाट बाजार में जिले के 24 कृषक, स्वसहायता समूह, एफपीओ अपने उत्पाद लेकर पहुंचे। जिले के नागरिकों व शासकीय कर्मचारियों ने उपस्थित होकर जैविक उत्पादों का क्रय किया गया। आम नागरिकों द्वारा विशेष रूचि लेकर उत्पाद क्रय किया गया।

# दादा दरबार में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला

## साईखेड़ा में उमड़ा आस्था का सैलाब, पांढुर्णा के भक्तों ने निशान अर्पण कर भंडारे के साथ किया नए वर्ष का स्वागत




**नवभारत,साईखेड़ा।** नए वर्ष के प्रथम दिन नगर के सुप्रसिद्ध दादा दरबार में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी पांढुर्णा से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दादाजी के चरणों में अपनी आस्था व्यक्त की। नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जिसके पश्चात विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

नई धूनी से शुरू हुई भव्य निशान यात्रा गुरुवार सुबह से ही नगर में उत्सव का माहौल रहा। पांढुर्णा से आए भक्तों का जत्था गाजे-बाजे और जयकारों के साथ नई धूनी पहुंचा। यहाँ विशेष पूजन-अर्चन के बाद विशाल निशान यात्रा प्रारंभ हुई। हाथों में धर्म ध्वजा (निशान) थामे भक्त जय दादाजी के जयघोष के साथ झूमते हुए नजर आए। यह यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई गुजरी, जहाँ जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। दादा दरबार में चढ़ाया निशान भ्रमण के पश्चात निशान यात्रा दादाजी दरबार पहुंची। यहाँ मुख्य मंदिर में विधि-विधान के साथ दादाजी को निशान अर्पित किया गया। भक्तों ने दादाजी की धूनी की परिक्रमा की और सुख-समृद्धि की कामना की। पांढुर्णा से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि वे हर साल नए वर्ष की शुरुआत दादाजी की सेवा और आशीर्वाद से ही करते हैं। भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ निशान यात्रा के साथ ही दरबार परिसर में विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया।

### भाईचारे और निस्वार्थ सेवा का संदेश

पांढुर्णा के भक्तों द्वारा आयोजित यह भंडारा सुबह से लेकर देर शाम तक अनवरत चलता रहा। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की। सेवादारों की टोली ने जिस आत्मीयता से प्रसादी वितरण किया, उसने सभी का मन मोह लिया। आस्था का केंद्र है साईखेड़ा गौरतलब है कि साईखेड़ा स्थित दादाजी का दरबार क्षेत्र के लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। नए वर्ष पर यहाँ दूर-दराज से आने वाले भक्तों का तांता लगा रहता है। पांढुर्णा के भक्तों का यह आयोजन अब एक वार्षिक परंपरा बन चुका है, जो आपसी भाईचारे और निस्वार्थ सेवा का संदेश देता है।




## वीर बाल दिवस व अटल सेवा सप्ताह के अंतर्गत लवकुश विद्यापीठ में हुए विविध आयोजन

**नवभारत,नरसिंहपुर।** नगर के मध्य स्थित प्रतिष्ठित लवकुश विद्यापीठ में वीर बाल दिवस व अटल सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन व प्रतियोगिताओ के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया ।मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष पं. रामस्नेही पाठक जी ने बच्चों को वीर बालकों की शहादत के बारे में बताते हुए देश के प्रति समर्पण हेतु प्रेरित किया विशिष्ट अतिथि सुदर्शन वैद्य (अध्यक्ष, विनायक व्यायामशाला समिति) ने स्वच्छता, सामाजिक सरोकारिता व समरसता व महत्व बताया। विनीत नेमा जिला उपाध्यक्ष भाजपा ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व से अवगत कराते हुए उनके विचारों को अपनाने का आव्हान किया गया। संध्या कोठारी पूर्व न.प. अध्यक्ष ने समय प्रबंधन का महत्व व इं. निशा सोनी (जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा) ने नशा मुक्ति पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में सविता अग्रवाल, अर्चना सोनी, सोनू सोनी अर्जुन मेहरा, भूपेंद्र कौरव, विवेक मेहरा, शिवानी राकेशिया, दीक्षा श्रीवास्तव, प्रियांशी, नफीसा सहित बड़ी संख्या मे छात्र छात्राए आदि उपस्थित रहे।